कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–09, सितम्बर 2015

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## वाराणसी में कामधेनु डीलर्स की वार्षिक बैठक




देश की नंबर 1 टीएमटी रिबार निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड भारत के अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। आज कामधेनु टीएमटी रिबार पूरे राज्य भर में बनने वालो लाखो–करोड़ो इमारतों और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मज़बूती प्रदान कर रहा है। कामधेनु उत्पाद अपनी भरोसेमंद क्वालिटी और मज़बूत डीलर नेटवर्क के ज़रिये अपनी बाज़ार हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि करते हुये राज्य के उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है।

कामधेनु उत्पादों की बढ़ती मांग के लिये डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं डीलरबंधुओं के योगदान की सराहना करने और उन्हें भविष्य की योजनाओं से अवगत कराने के उद्येश्य से वाराणसी में पूर्वी उत्तर प्रदेश के चैनल पार्टनर्स की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। 19 सितम्बर 2015 को होटल सुर्या, वाराणसी में आयोजित इस बैठक में 450 से अधिक डीलर पूरे उत्साह से शामिल हुए।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल के साथ, श्री चंदन गोस्वामी (सीनियर मैनेजर, ब्राण्ड प्रोमोशन) सुश्री नीतू कटारिया, श्री समीर गुप्ता, श्री सागर प्रताप सिंह (सीनियर मैनेजर, मार्केटिंग) सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बैठक में भाग लिया। लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के अंतर्गत राज्य में कामधेनु टीएमटी निर्माता कंपनी मेसर्स मां महामाया ऐलॉइस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री भूपेंद्र अग्रवाल एवं श्री अखिल अग्रवाल के अलावा डिस्ट्रीब्यूटर श्री सुनील निमानी, श्री अशोक जयसवाल एवं श्री बैजनाथ केसरी भी सम्मेलन में मौजूद थे।

इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने डीलरबंधुओं और वितरकों की सराहना करते हुये कहा, ''कंपनी अपने सभी चैनल पाटनर्स के सहयोग को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। आपके योगदान से जहॉं एक ओर कंपनी तरक्की कर रही है वहीं आप भी सफलता की बुलंदियों की ओर बढ़ रहे हैं। हमें इसी तरह एकजुट होकर काम करना है और आगे बढ़ते रहना है।''

कामधेनु के वार्षिक बैठक के महत्व पर रोशनी डालते हुये कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''यह बैठक केवल आप सभी चैनल पार्टनर्स के साथ आगामी बाज़ार नीतियों पर चर्चा करने के लिये नहीं आयोजित की गई है। मैं तो इस बैठक को आपके साथ मिल कर आपसी संबंधों को मज़बूती देने का अवसर मानता हूँ। हम यहाँ एक साथ बैठ कर अपने उन साथियों को सम्मानित करेंगे जिन्हाने मेहनत की बदौलत सबसे अच्छे परिणाम प्राप्त किये हैं। साथ ही आप सबको अपने प्रदर्शन को और भी अधिक बेहतर बनाने के लिये उनसे प्रेरणा भी लेनी चाहिये। याद रखिये अगर हम आने वाले कल को आज से बेहतर बना पाये तभी हम अपने जीवन को सफल मान सकते हैं।''

इसके बाद कंपनी की ओर से पिछले एक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलरों तथा वितरकों को सम्मानित करते हुये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु पुरस्कार दिये गये। बैठक के दौरान चालू वित्त–वर्ष के लिये लक्ष्य के बारे में चर्चा की गई और भविष्य की कार्ययोजना को बताया गया। डीलरबंधुओं से चर्चा करते हुए कामधेनु के वरिष्ठ अधिकारियों ने बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का वायदा किया। बैठक के अंत में सभी उपस्थित डीलरों को उपहार भी दिया गया। कामधेनु की वाराणसी डीलर्स मीट, कंपनी के नेटवर्क को बढ़ाने और इसके ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुई।

# भारत अमेरिका रक्षा सौदा



प्रधानमंत्री श्री मोदी के अमेरिका दौरे से पहले दोनों देशों के बीच अटके महत्वपूर्ण रक्षा सौदे को भारतीय कैबिनेट ने मंजूरी देते हुये बोइंग कंपनी से 3.1 अरब डालर कीमत के 37 अमेरीकी हेलीकॉप्टर खरीदने का रास्ता साफ कर दिया है। यह फैसला पिछली केन्द्र सरकार के समय से लटका था और इस बीच इन हेलीकॉप्टरों की कीमत 13 बार बढ़ चुकी है। इस सौदे में भारत को बाइस अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर मिलेंगे। इन हेलीकॉप्टरों के साथ इनके द्वारा इस्तेमाल होने वाली कई हेल फायर मिसाइलें और आठ हज़ार रॉकेट भी खरीदा गया है। इन ''ए–एच 64 डी'' अपाचे हेलीकॉप्टरों में नाइट विज़न यानि रात के अंधेरे में देख सकने की क्षमता के साथ–साथ दूर से ही मिसाइल और रॉकेट दागने की क्षमता भी है जो युद्ध में और टेररिस्ट के खिलाफ एक्शन लेने में काफी कारगर सिद्ध हो सकते हैं।

अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर के साथ–साथ भारत 15 शिनूक हेलीकॉप्टर भी खरीद रहा है। सी–एच–47 मॉडल के इन शिनूक हेलीकॉप्टरों में सामने और पीछे की तरफ घूमने वाले दो पंख होते हैं। ये शिनूक हेलीकॉप्टर 9 टन तक भार लेकर उड़ सकते हैं। अफगानिस्तान और ईराक़ में हुई लड़ाई में अमेरीका की सेना ने शिनूक हेलीकॉप्टरों का खूब इस्तेमाल किया है। हमारे देश में भारतीय सेना की टुकड़ी को तेजी से ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुॅचाने में ये काफी कारगर साबित होंगे।

# डेंगू के चपेट में दिल्ली

दिल्ली में सितंबर के महीने में डेंगू का जबरदस्त प्रकोप देखने को मिला है। दिल्ली के अतिरिक्त उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी डेंगू के मरीजों के कई मामले सामने आये हैं। हालात इतने बुरे हो गये कि न्यायपालिका को मामले का संज्ञान लेकर सरकार से जवाब–तलब करने की नौबत भी आ गई। इस पूरे प्रकरण में जहॉ कई लोग समय पर सही उपचार न मिलने से मौत की नींद सो गये वहीं कई अस्पतालों में बदइंतजामी और अमानवीयता की झलक भी देखने को मिली।

पिछले कई वर्षो से बरसात के मौसम के बाद डेंगू का प्रकोप देखने को मिलता रहा है। साल दर साल सरकार इसकी ठीक से रोकथाम करने में असफल होती रही है। पर दोष आम नागरिकों का भी है। हम सब जानते हैं कि घरों, स्कूलो और काम की जगहों के अंदर और आस–पास सफाई रख कर और पानी जमा न होने दे कर हम डेंगू पर नियंत्रण कर सकते हैं, पर हम लापरवाही बरतते हैं और फिर इसका शिकार भी बनते हैं। हमें जिम्मेदारी से पानी जमा होना रोकना होगा तभी डेंगू से होने वाली असमय मौतें रूक पायेंगी।






# नेपाल में नया संविधान

सालों के गतिरोध और इंतज़ार के बाद आखिरकार नेपाल का नया संविधान प्रस्तावित हो गया। नये संविधान के अनुसार नेपाल एक हिन्दू राष्ट्र न होकर एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गया है। वैसे इस संविधान के अनुसार भी हिन्दू बहुल देश नेपाल का राष्ट्रीय पशु गाय को घोषित किया गया है। नये संविधान में वामपंथी दलों के विचारधारा का प्रभाव भी देखने को मिलता है, और वह भारत के साथ के पुराने एतिहासिक संबंध से दूर हटता दिख रहा है।

साथ ही नेपाल के तराई क्षेत्रों के गैर–गोरखा निवासियों के को भी संविधान के कुछ प्रावधान से शिकायत है। इसके खिलाफ हिंसक आंदोलनों का दौर शुरू हो चुका है जिसमें अब तक 40 से अधिक लोगों को जान गॅवाना पड़ा है। संविधान के कुछ प्रावधानों से क्षुब्द होकर भारत ने अपनी निराशा जताते हुये 7 संशोधन सुझाये हैं। ये संशोधन नेपाल में संविधान के विरोध में जारी आंदोलन और हिंसा को कम करने की दिशा में भी मददगार साबित हो सकते हैं।

# उदयपुर में कामधेनु KAMDHENU SS 10000 डीलर मीट




भारत में सर्वाधिक बिकने वाला टीएमटी रिबार ब्राण्ड कामधेनु टीएमटी का प्रीमियम उत्पाद **KAMDHENU SS 10000** भारत का एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी रिबार है। अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से निर्मित **KAMDHENU SS 10000** सुरक्षा और मज़बूती के मामले में अन्य भारतीय उत्पादों से काफी बेहतर है। आविष्कारी डबल रिब्स डिजायन के कारण कंक्रीट पर दुगुने से भी अधिक मज़बूत पकड़ बनाने वाला **KAMDHENU SS 10000** आज भारत के कई राज्यों में उपलब्ध है और उपभोक्ताओं के बीच इसकी भारी मांग है।

राजस्थान में **KAMDHENU SS 10000** का बाज़ार लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य भर के बाज़ारों में इसके बढ़ते मांग को देखते हुये और भी बेहतर आपूर्ति प्रणाली स्थापित करने एवं भावी कारोबारी रणनीतियों पर डीलरबंधुओं के साथ चर्चा करने के उद्येश्य से झीलों के शहर उदयपुर में 19 सितम्बर 2015 को एक डीलर मीट का आयोजन किया गया। होटल रमाडा, उदयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से 100 डीलर तथा इस्पात बाजार के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुये।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल के साथ कंपनी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुये, जिनमें श्री दिलीप मेहरा, श्री राजीव माथुर एवं श्री अमित सोनी प्रमुख थे। राज्य में **KAMDHENU SS 10000** के सेल्स प्रोमॉटर, मेसर्स सैटर्न स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री राजीव गर्ग एवं श्री राजेन्द्र गर्ग ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

कंपनी का दृष्टिकोण रखते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, 'भारत में सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देना कंपनी की प्राथमिकता भी है और प्रतिबद्धता भी है। कंपनी इस दिशा में लगातार बेहतर विशेषताऐं वाले आविष्कारी उत्पादों को भारत में उपलब्ध कराती रही है। भारत का एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी रिबार **KAMDHENU SS 10000** हमारी बेहतरीन पेशकश है, जो डबल मज़बूती का भरोसा देता है। भारत में **KAMDHENU SS 10000** की मांग तेजी से बढ़ रही है और कंपनी इसके उत्पादन को लगातार बढ़ाते हुये इस उत्पाद की बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ा रही है। भारतीय बाज़ार में लॉन्च होने के काफी कम समय में ही **KAMDHENU SS 10000** ने उत्तर भारत के सभी राज्यों में मज़बूत उपस्थिती दर्ज़ की है।''

यूके की अंतर्राष्ट्रीय तकनीक द्वारा अधिकृत रूप से निर्मित **KAMDHENU SS 10000** के आविष्कारी डबल रिब्स कंक्रीट पर अनोखी इंटरलॉकिंग पकड़ बनाते हैं। यह दोहरी और दोतरफा ग्रिप सिर्फ इसी उत्पाद में मौजूद है, जो भूकंप के झटकों के दौरान सरिया की कंक्रीट पर पकड़ बनाये रखती है और इमारत सुरक्षित रहती है।''

श्री सचिन अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित डीलरबंधुओं और स्टील सेक्टर के प्रमुख व्यक्तियों को उनका कर्तव्य याद दिलाते हुये ज़ोर दे कर कहा, ''हमारा लक्ष्य होना चाहिये कि हम सुरक्षित और मज़बूत निर्माण के लिये योगदान दें। राज्य भर में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस अनूठे उत्पाद के लाभों से अवगत कराने की आवश्यकता है ताकि वे **KAMDHENU SS 10000** के इस्तेमाल के लिये प्रोत्साहित हों और मज़बूत निर्माण राजस्थान की पहचान बन जाये। प्रदेश भर में फैले कामधेनु डीलर्स के साथ यहां मौजूद सभी लोगों से मेरी अपील है कि मज़बूत और सुरक्षित निर्माण के लिये सजग संदेशवाहक के रूप में आगे आयें और भूकंप–सुरक्षित प्रदेश के निर्माण में हाथ बटायें।''



बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

राजीव गुप्ता, संजीव गुप्ता
**मेसर्स गुप्ता स्टील कॉरपोरेश**
टांडा रोड, जालंधर
पंजाब
मो. 098142 91888
094650 01888

करन खोसला
**मेसर्स फकीर चन्द एण्ड संस**
ग्राम – मज़ारी
जिला – नवांशहर
पंजाब
मो. 099143 00307

अक्षय कुमार बहेरा
**मेसर्स बागबती आयरन स्टोर**
दुर्गा बाजार, पो. ओ. दुसपल्ला
नयागढ़, ओड़िशा
मो. 09439492009

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.09.2015





# कामधेनु यानि गुणवत्ता का पूरा भरोसा

भारत में टीएमटी रिबार की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी, कामधेनु इस्पात लिमिटेड निर्माण सामग्री के सेग्मेंट का एक प्रतिष्ठित नाम है। आविष्कारी तकनीक और सर्वोत्तम गुणवत्ता को अहमियत देने के लिये प्रसिद्ध कामधेनु को देश भर के उपभोक्ताओं ने सराहा है। उपभोक्ताओं के भरोसे को सबसे बहुमूल्य संपदा के तौर पर अहमियत देते हुये कंपनी अपने 50 से अधिक फ्रैन्चाइज़ी (लाईसेन्स यूज़र एग्रीमेंट के तहत) मैन्यूफैक्चरिंग ईकाइयों में गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया का बेहद कड़ाई से पालन करती है।

अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित मशीनरी और बेहद कुशल क्वालिटी कंट्रोल अधिकारियों की सतर्क नियंत्रण के इसी दम पर आज ब्रॉण्ड कामधेनु का हर उत्पाद अतुलनीय गुणवत्ता और करोड़ो भारतीयों के अटूट भरोसे की मिसाल है। कंपनी के क्वालिटी अधिकारी कामधेनु उत्पादों की उत्कृष्टता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसीलिये कंपनी द्वारा नियमित तौर पर इन अधिकारियों के प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इसी दिशा में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अगवाल के दिशानिर्देश पर भारत भर में कार्यरत कामधेनु क्वालिटी अधिकारियों की ग्रुप बैठक का आयोजन किया गया। 3 अगस्त 2015 को होटल हैब्बिटेयर, गुड़गॉव में आयोजित इस बैठक में कंपनी के 40 क्वालिटी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। श्री दिलीप मेहरा, श्री एस बी शर्मा, श्री एन बी सिंह, श्री विवेक माहेश्वरी, श्री योगेश वर्मा सहित क्वालिटी एवं प्रोडक्शन विभाग में कार्यरत कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में मौजूद रहे। कंपनी द्वारा नए लांच किये उत्पाद श्रेणी कामधेनु कलर कोटेड शीट्स के बारे में क्वालिटी अधिकारियों को जानकारी देना इस बैठक का एक प्रमुख उद्येश्य था। इस अवसर पर उन्हें टीएमटी रिबार के नवीनतम विश्वस्तरीय आविष्कारी श्रेणी **KAMDHENU SS 10000** की अनूठी खूबियों और खासियतों के बारे में भी बताया गया।

बैठक के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अगवाल ने उपस्थित क्वालिटी अधिकारियों के समक्ष एक प्रेरणादायी और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला वक्तव्य दिया। क्वालिटी अधिकारियों को सटीक सलाह देते हुये श्री सुनील अगवाल ने कंपनी के साथ–साथ करियर में तरक्की को ध्यान में रख कर दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिये प्रेरित किया। उत्साह से बजती तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होने कहा, ''किसी भी ब्रॉण्ड के लिये सबसे महत्वपूर्ण चीज़ होती है उसके गुणवत्ता पर लोगों का भरोसा। हर ओर उपभोक्ता हमारे ब्रॉण्ड पर भरोसा करते है और मानते है कि कामधेनु का मतलब है पूरा इत्मीनान। कामधेनु में यह भरोसा कायम रखने की ज़िम्मेदारी आप क्वालिटी अधिकारियों की है। इससे साबित होता है कि कंपनी को आपकी क्षमता पर पूरा विश्वास है। आपको भी खुद पर यही विश्वास बनाये रखना है और दक्षता, एवं उत्कृष्ता में सबसे आगे रहना है।''

इसके बाद श्री एन बी सिंह, जीएम एवं श्री योगेश वर्मा, सीनियर मेनैजर, क्वालिटी एण्ड प्रोडक्शन ने उपस्थित क्वालिटी अधिकारियों के समक्ष दोनों ही उत्पादों के फीचर्स तथा गुणवत्ता संबंधी ख़ासियतों की तकनीकी जानकारी दी। कलर कोटेड शीट्स का उत्पादन बढ़ाने एवं कई नई प्रोडक्शन ईकाइयों में **KAMDHENU SS 10000** का उत्पादन शुरू करने की कंपनी की भावी योजनाओं की दिशा में क्वालिटी अधिकारियों के साथ हुई यह बैठक एक महत्वपूर्ण क़दम है।




Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com
Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092